# अष्टादशः संस्कृतनाट्यमहोत्सवः

## ( अन्तःपरिसरीयसंस्कृतनाट्यस्पर्धा )

चैत्रकृष्णस्य पञ्चमीतः चैत्रकृष्णस्य सप्तमीं यावत्

२२.०३.२०२२ तः २४.०३.२०२२




**केन्द्रीयसंस्कृतविश्वविद्यालयः**

संसदः अधिनियमेन स्थापितः

56-57, इन्स्टीट्यूशनल एरिया, जनकपुरी, नवदेहली-110058

E-PABX : 011-28524993, 28521994

website : www.sanskrit.nic.in

# केन्द्रीयसंस्कृतविश्वविद्यालयः

**संसदः अधिनियमेन स्थापितः**

# अष्टादशः संस्कृतनाट्यमहोत्सवः

**( अन्तःपरिसरीयसंस्कृतनाट्यस्पर्धा )**

## आमन्त्रणम्

सहर्षं निवेद्यते यत् केन्द्रीयसंस्कृतविश्वविद्यालयेन मध्यप्रदेशराज्ये भोपालपरिसरे स्वीयपरिसरीयच्छात्राणां नाट्यस्पर्धाभूतः संस्कृतनाट्यमहोत्सवः समायोक्ष्यते। महोत्सवेऽस्मिन् तत्रभवन्तः तत्रभवत्यश्च सादरं समाहूयन्ते।

कार्यक्रमस्थलम्

**स्वर्णजयन्तीसभागारः,**

**आर.एस.वी.पी. नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबन्धकीय अकादमी, भोपालम्**

तिथिः

२२.०३.२०२२ दिनाङ्कतः २४.०३.२०२२ दिनाङ्कं यावत्

**निवेदकाः**

**प्रो. आर्.के. बर्मन्**
कुलसचिवः (प्र.)
के.सं.वि., जनकपुरी,
देहली-११००५८

**प्रो. रमाकान्तपाण्डेयः**
समन्वयकः
संस्कृतनाट्यमहोत्सवः

**प्रो. जे.भानुमूर्तिः**
निदेशकः, समायोजकः
भोपालपरिसरः,
भोपालम्-462043

## केन्द्रीयसंस्कृतविश्वविद्यालयः
## श्रीरणवीरपरिसरः, जम्मू ( जम्मू-कश्मीरम् )



सप्तदशसंस्कृतनाट्यमहोत्सवे मञ्चितस्य करगिलविजयम् इत्यस्य किञ्चन दृश्यम्

## स्वातन्त्र्यशौर्यम्

'स्वातन्त्र्यशौर्यम्' भारतमातुः स्वतन्त्रतायै वीरपुत्रस्य चन्द्रशेखराजादस्य बलिदानमभिलक्ष्य विरचितमाधुनिकं नाटकं वर्तते। मध्यप्रदेशस्य भंवराग्रामवास्तव्यः पञ्चदशवर्षीयः प्रभावशालि-व्यक्तित्वसम्पन्नः बालकः चन्द्रशेखरतिवारी संस्कृताध्ययनार्थं वाराणसीमागच्छति। तस्य प्रगल्भवक्तृत्वेन प्रभावितः गुरुकुलस्याचार्यः आंग्लशासनमुन्मूलयितुं राष्ट्रस्य स्वातन्त्र्यान्दोलने च जीवनं समर्पयितुं तं प्रेरयति। गुरुवचनात्प्रेरितः सः आजीवनं ब्रह्मचर्यमङ्गीकृत्य राष्ट्रसेवायै आत्मानं समर्पयामीति प्रतिज्ञां करोति। आचार्यः स्वेच्छामृत्युवरप्रदानेन तं संवर्धयति। स्वातन्त्र्यान्दोलने सक्रियतावशात् आंग्लारक्षकाः चन्द्रशेखरं निगृह्य न्यायाधीशस्य सम्मुखमानयन्ति। न्यायाधीशः अल्पवयस्कमपि तं अपराधिनं मत्वा पञ्चदशनिगडपाशैः प्रहर्तुमादिशति। कारागाराद् बहिरागते सति पौरजनाः पुष्पमालाभिः तस्याभिनन्दनं कुर्वन्ति। शिवप्रसादगुप्तः तं 'आजाद' इत्युपाधिना अलङ्करोति। क्रान्तिकारिगतिविधिषु संलग्नः चन्द्रशेखरः अष्टवर्षानन्तरं वेशं परिवर्त्य (ब्रह्मचारिवेशे) झांसीजनपदस्योरछाख्योपनगरस्य समीपस्थे एकस्मिन् हनुमान्मन्दिरे निवसति। ततश्चैव गुप्तरूपेण क्रान्तिकारियोजनां सफलीकरोति। तस्य क्रियाकलापमभिलक्ष्य रहस्यमभिज्ञातुं द्वौ आरक्षिणौ आगच्छतः। किन्तु असफलौ भूत्वा प्रतिगच्छतः। तस्यामेव रात्रौ चन्द्रशेखरेण प्रभाविता ज्ञातवृत्तान्ता ग्रामप्रधानस्य पुत्री मन्दिरमागत्य तं प्रणयनिवेदनं करोति। चन्द्रशेखरः तां बोधयित्वा प्रतिनिवर्तयति। एवञ्च तत्स्थानमसुरक्षितं मत्वा ततः अन्यत्र गच्छति। किञ्चित्कालानन्तरं प्रयागस्थे अल्फ्रेडनामके उद्याने यदा चन्द्रशेखरः स्वक्रान्तिकारिमित्रेण चन्द्रकेतुना सह क्रान्तिकारिणां पुनः संगठनाय गुप्तमन्त्रणां करोति। तदानीमेव गुप्तसूत्रेण ज्ञातवृत्तान्ताः आंग्लसैनिकाः उद्यानं परितः निरुन्धन्ति। चन्द्रशेखरः स्वातन्त्र्यान्दोलनमुज्जीवयितुं चन्द्रकेतुमुद्यानात् बहिः प्रेषयति। एवञ्च आंग्लसैनिकैः सह सचिरं युद्ध्यमानः अन्त्यगोलिकया स्वकर्णपटीं निर्भिद्य वीरगतिं प्राप्नोति।

# केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
## श्री रणवीर परिसर, जम्मू (जम्मू काश्मीर)



सप्तदश संस्कृत नाट्य महोत्सव में मञ्चित करगिल विजय रूपक का एक दृश्य

## स्वातन्त्र्यशौर्य

"स्वातन्त्र्यशौर्यम्" भारतमाता के वीरसपूत चन्द्रशेखर आजाद के बलिदान पर आधारित आधुनिक नाटक है। मध्यप्रदेश के भंवरा गांव का निवासी पन्द्रहवर्षीय बालक चन्द्रशेखर तिवारी संस्कृताध्ययनार्थ वाराणसी की एक पाठशाला में आता है। वहां छात्रावास में रहते हुए आचार्य से प्रेरित होकर क्रूर अंग्रेजी शासन से देश को स्वतन्त्र कराने की भावना से आजीवन ब्रह्मचर्य पालन तथा देश के उद्धार के लिए सम्पूर्ण जीवन के समर्पण की प्रतिज्ञा करता है। इससे प्रभावित होकर आचार्य उसे भीष्म से श्रेष्ठ बताते है और इच्छामृत्यु का आशीर्वाद देते है। स्वतंत्रता संग्राम में सक्रियता के कारण चन्द्रशेखर को गिरफ्तार कर न्यायाधीश के सामने प्रस्तुत किया जाता है। न्यायाधीश वाद-विवाद से क्रुद्ध होकर चन्द्रशेखर को 15 कोड़े मारने का दण्ड देता है। कारागार से बाहर आते ही शिवप्रसाद गुप्त उन्हें "आजाद" की गौरवपूर्ण उपाधि देते है। सभी पौरवासी पुष्पमालाओं से उनका अभिनन्दन करते हैं। आठ वर्ष पश्चात् ओरछा के समीपवर्ती गांव में एक ब्रह्मचारी के रूप में रहने वाले चन्द्रशेखर के पास दो अंग्रेजी सिपाही उनका भेद जानने आते हैं। किन्तु असफल होकर लौट जाते हैं। उसी रात्रि ग्रामप्रधान की कन्या सारे रहस्य को जानती हुई चन्द्रशेखर से अपना प्रणय निवेदन करती है। चन्द्रशेखर समझा बुझाकर उस युवती को लौटा देते हैं तथा उस स्थान को असुरक्षित मानते हुए वहां से शीघ्र ही अन्यत्र चले जाते हैं। तत्पश्चात् प्रयाग के अल्फ्रेड उद्यान में चन्द्रशेखर अपने क्रांतिकारी मित्र चन्द्रकेतु के साथ गुप्तरूप से स्वामीस्वाधीनजीवान्द के आश्रम में रहकर क्रान्तिकारियों को पुन: संगठित करने की गुप्त-योजना बना रहे होते हैं। तभी गुप्तसूचना प्राप्त कर अंग्रेजी सैनिक उद्यान को चारो ओर से घेर लेते हैं। चन्द्रशेखर क्रान्तिकारी आंदोलन को जीवित रखने के लिए चन्द्रकेतु को उद्यान से बाहर भेज देते हैं तथा अंग्रेजी सैनिकों को धराशायी करते हुए अंतिम गोली से स्वेच्छामृत्यु का वरण करके क्रान्ति की ज्वाला को पुनरुद्दीप्त करते हैं।

# केन्द्रीयसंस्कृतविश्वविद्यालयः
## श्रीवेदव्यासपरिसरः, बलाहरः (हिमाचलप्रदेशः)



सप्तदशसंस्कृतनाट्यमहोत्सवे मञ्चितस्य आषाढस्यैको दिवसः इत्यस्य किञ्चन दृश्यम्

## मिवारप्रतापम् (1-3 अङ्काः)

नान्द्यन्ते रङ्गमञ्चमागत्य सूत्रधारो नाटककर्तुः हरिदासस्य परिचयं विवृणोति। अनन्तरं सुप्रभदेवो मञ्चमागत्य शान्तिशरणमिश्रं शास्ति यत् अद्य मध्याह्ने मानसिंहः प्रतापसिंहेन सह वार्तां कर्तुम् आगतवान् आसीत्, किन्तु यवनमङ्गलकारिणं मानसिंहं द्रष्टुमपि नागतवान् प्रतापसिंहः। एतेन कुपितः मानसिंहः युद्धाय आह्वानं प्रदाय गतवान्। महाराजोऽपि तदाह्वानं सहर्षं स्वीकृत्य युद्धाय सज्जीभवति। हिन्दु-धर्म-रक्षार्थं महाराजस्य च साहाय्यं कर्तुं कालीशैलात् भिल्लाधिपति रहुः महाराजं निकषा समागच्छति। अनेन प्रथमाङ्कः सम्पन्नो भवति।

द्वितीयाङ्के मञ्चमागत्य कमला वदति यत् बादशाहोऽद्य सायङ्काले महिलामेलापकम् आयोजितवान् इति। सा किञ्चिद्विस्मयं प्रकटय्य वदति यत्-अये अयमलौकिकसुगन्धः कुतः? एवं सा तं सुगन्धमनुसरन्ती बादशाहोद्यानमागवती। तत्र सा बादशाहोद्यानमालिकां दृष्टवती या कमलायाः रूपलावण्यं वीक्ष्य मुग्धैव जाता। तथा च धनरूपप्रभूतपुरस्कारमवाप्तुं कमलां बादशाहायार्पयितुं वाञ्छति। किन्तु कमला उद्यानपालिकायाः धूर्ततां ज्ञात्वा ततः पलायिता।

तृतीयाङ्के बादशाहेन राजसभायाम् उपविष्टे सति मानसिंहो मञ्चे प्रविश्य बादशाह-मभिवादयति। म्लानमुखं मानसिंहं वीक्ष्य बादशाहः कारणं पृच्छति। प्रतापसिंहेन अपमानितोऽस्मि इत्युत्तरति मानसिंहः। अथ च अपमानस्य प्रतीकारः युद्धेनैव सम्भवः इति प्रस्तौति। तं प्रस्तावं निशम्य बादशाहः तस्मै पुत्रेण सह स्वकीयां चतुरङ्गिणीं सेना दत्तवान्। बादशाहपुत्रः सेलिमो यद्यपि मानसिंहसहायकः युद्धाय कृतनिश्चयोऽस्ति, तथापि मानसिंहविषये पृथगेव तस्य चिन्तनमस्ति। यथा रावणं परित्यज्य विभीषणः, पाण्डवान् परित्यज्य कर्णः, पृथ्वीराजं परित्यज्य जयन्द्रः अन्यान् आश्रित्य इमे सर्वे स्वराष्ट्रविघातकाः अभूवन् तथैव अयमपि मानसिंहः प्रतापसिंहं परित्यज्य बादशाहं सहकुर्वन् राष्ट्रघातको भविष्यति।

## केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
## श्री वेदव्यास परिसर, बलाहर (हिमाचल प्रदेश)



सप्तदश संस्कृत नाट्य महोत्सव में मञ्चित आषाढ का एक दिवस रूपक का एक दृश्य

### मिवारप्रताप (1-3 अंक)

नान्दी के बाद सूत्रधार रङ्गमञ्च पर प्रवेश करके नाटककार हरिदास जी का परिचय कराता है। इसके बाद सुप्रभदेव मञ्च पर प्रवेश कर शान्तिशरणमिश्र को बताता है कि आज मध्याह्न में मानसिंह, महाराज प्रतापसिंह से मिलने आया था, किन्तु यवनों के मंगलकारी मानसिंह को महाराज ने देखा भी नहीं। इससे कुपित होकर मानसिंह युद्ध की धमकी देकर चला गया। महाराज प्रतापसिंह भी इस चुनौति को स्वीकार कर युद्ध की तैयारी कर रहे थे। तभी हिन्दू धर्म के रक्षार्थ एवं महाराज का सहयोग करने के लिए कालीशैल से भिल्लराज रहु महाराज के पास आए। इसी के प्रथम अंक सम्पन्न होता है।

द्वितीय अंक में कमला मञ्च पर आकर बताती है कि आज सायंकाल बादशाह ने महिलामेला का आयोजन किया है। इसके बाद अलौकिक सुगन्ध का अनुसरण करते हुए कमला बादशाह के उद्यान तक पहुँच जाती है। वहां उसे उद्यान-पालिका मिलती है। उद्यानपालिका कमला के रूपलावण्य को देखकर मुग्ध हो जाती है। और प्रभूत धनपुरस्कारराशि पाने के लोभ में उसे बादशाह के पास ले जाना चाहती है। किन्तु कमला उद्यानपालिक की धूर्तता को समझ जाती है औ उसे चकमा देकर वहाँ से भाग जाती है।

तृतीयाङ्क में बादशाह प्रवेश के पश्चात् मानसिंह प्रवेश करके बादशाह का अभिवादन करता है। म्लानमुख मानसिंह को देखकर बादशाह कारण पूछता है। मानसिंह ने बताया कि प्रतापसिंह ने उसका अपमान किया है। और इस अपमान का प्रतीकार युद्ध से ही हो सकता है। ऐसा प्रस्ताव करता है। बादशाह इस प्रस्ताव को सहर्ष स्वीकार करते हुए अपने पुत्र के साथ चतुरंगिणी सेना उसे प्रदान करता है। बादशाह-पुत्र सेलिम यद्यपि मानसिंह का सहायक है और युद्ध के लिए तत्पर है फिर भी उसके प्रति उसकी अलग ही धारणा है। दूसरों का साथ देकर स्वराष्ट्र द्रोही हुए उसी तरह यह मानसिंह भी प्रतापसिंह को छोड़कर बादशाह का सहायक होकर राष्ट्र घातक होगा।

# केन्द्रीयसंस्कृतविश्वविद्यालयः

## लखनऊपरिसरः, लखनऊ (उत्तरप्रदेशः)



सप्तदशसंस्कृतनाट्यमहोत्सवे मञ्चितस्य वासन्तिकास्वप्नम् इत्यस्य किञ्चन दृश्यम्

## मिवारप्रतापनाम् (4-6 अङ्काः)

हरिदाससिद्धान्तवागीशाचार्येण 1944तमे वर्षे विरचितं मिवारप्रतापम् इति नाटकम् नाट्यसाहित्ये महत् प्राशस्त्यं भजते। नाटकोऽयम् राजस्थानस्य वीरभूमौ मिवारे यशस्विनः राज्ञः महाराणासाङ्गा इत्याख्यस्य प्रसिद्धवंशे जन्म प्रप्तवतः राणाप्रतापमाधृत्य प्रवर्त्तते। नाटकस्य प्रथमाङ्के अकबरस्य दूतत्वेन आगतस्य राजकुमारमानसिंहस्य वर्णनं संप्रात्यते। मानसिंहस्य परिवारस्य यवनैस्सह रक्तसम्बन्धात् मानसिंहमधममिति मन्वानः प्रतापः तेन सह भोजनं न्यक्करोतीति समुपवर्णितमस्ति। द्वितीयाङ्के अकबरस्य उद्याने महिलाभ्य आयोजितमेलायाः वर्णनं समुपलभ्यते। यत्र हि अकबरः स्त्रीलम्पटः, विलासी, व्यभिचारी चेति रूपेण चित्रितः। तृतीयाङ्के मानसिंहः अकबरेण सह परामृश्य राणाप्रतापेन सह योद्धुं योजनां निर्मातीति संलक्ष्यते। चतुर्थाङ्के मानसिंहः अरावल्याः उपत्यकासु यवनसेनाम् आनीय युद्धाय समुपस्थितो भवति। सुविशालं यवनसैन्यं वीक्ष्य अभयशालिनः प्रतापस्य सर्वेऽपि राजमन्त्रिणः युद्धाय सम्मतिं प्रयच्छन्तः हल्दीघाटीति दुर्गमस्थलं युद्धाय चिन्वन्ति। हल्दीघाट्यां प्रवर्त्तिते भीषणयुद्धे प्रतापस्य वीरत्वं, क्षत्रियाणां युद्धकौशलं, चेतकस्य स्वामिभक्तिश्च निरूपितमस्ति। पञ्चमाङ्के प्रतापस्य अरावलिपर्वतेषु अटनं तस्य विपन्नता च संदृश्यते। वने प्रतापस्य पुत्र्यै निर्मितसष्कुलीं वनबिडालः हस्तात् बलात् नयति, ततः क्रन्दत्याः पुत्र्याः प्रशमनाय फलादिभिः कथञ्चित् सान्त्वनां कल्पयति नाट्यकारः। षष्ठाङ्के बहुभिः विपरीतपरिस्थितिभिः शिन्नमनसः प्रतापः उद्वेलितः सन् अकबराय सन्धिपत्रं प्रेषयति, तस्य प्रत्युत्तरत् अकबरस्य राजकविः पृथ्वीराजो लिखति। पृथ्वीराजस्य गूढा शिलष्टभाषा प्रतापं पुनः यवनैस्सह योद्धुं सम्प्रेरयति। सम्पूर्णमपि नाटकम् ओजस्विसंवादैः युक्तं वीररसेन च परिपूर्णं सुधीसहृदयाणां मनस्सु ओजस्विताम् उद्भावयति।

# केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
## लखनऊ परिसर, लखनऊ (उत्तर प्रदेश)



सप्तदश संस्कृत नाट्य महोत्सव में मञ्चित वासन्तिका स्वप्न रूपक का एक दृश्य

### मिवारप्रताप (4-6 अंक)

आचार्य हरिदाससिद्धान्तवागीश द्वारा 1944 ई. में विरचित मिवारप्रताप नाटक संस्कृत नाट्यसाहित्य में महत्त्वपूर्ण स्थान रखता है। यह नाटक राजस्थान की वीरभूमि मेवाड़ के यशस्वी राजा राणासांगा के वंशज महाराणा प्रताप को केन्द्रित कर लिखा गया है। प्रथमाङ्क में मानसिंह के साथ भोजन न करने के कारण राणाप्रताप की उनसे अनबन का चित्रण है। द्वितीय अङ्क में अकबर के उद्यान में महिलाओं के मेले का चित्रण है जिसमें अकबर को विलासी व स्त्रीलंपट के रूप में चित्रित किया गया है। तृतीय अङ्क में मानसिंह अकबर से मिलकर राणाप्रताप से युद्ध करने की योजना बनाते हैं। यतुर्थाङ्क में मानसिंह अरावली के बाहरी क्षेत्र में यवनसेना के साथ युद्ध को उपस्थित होता है। सुविशाल यवनसैन्य को देखकर प्रताप अपने दरबारियों के साथ परामर्श करके दुर्गमस्थल हल्दीघाटी को युद्ध के लिए चिह्नित करते हैं। हल्दीघाटी के भीषण युद्ध में प्रताप की वीरता, क्षत्रियों का युद्धकौशल एवं चेतक की स्वामीभक्ति निर्देशित है। पञ्चमाङ्क में प्रताप का सपरिवार अरावली में वनवास एवं विपन्नता को निदर्शित किया गया है। वन में प्रताप की पुत्री इन्दिरा के लिए निर्मित पूड़ी को हाथ से बिलाव ले भागता है, तब परिवारजन किसी तरह इन्दिरा को फलादि प्रदान कर सान्त्वना देते हैं।

षष्ठाङ्क में अनेक विपरीत परिस्थितियों से खिन्न होकर प्रताप उद्वेलित होकर अकबर को सन्धिपत्र भेजते हैं, जिसका प्रत्युत्तर अकबर के राजकवि पृथ्वीराज लिखते हैं। पृथ्वीराज की गूढ़ एवं शिलष्ट भाषा प्रताप को पुनः युद्ध के लिए प्रेरित कर देती है। सम्पूर्ण नाटक ओजस्वी संवाद एवं वीररस से परिपूर्ण होता हुआ सुधी सहृदय प्रेक्षकों के मन में ओजस्विता को उद्भावित करता है।

## केन्द्रीयसंस्कृतविश्वविद्यालयः
## गुरुवायूरपरिसरः, गुरुवायूर् ( केरलप्रदेशः )



सप्तदशसंस्कृतनाट्यमहोत्सवे मञ्चितस्य समुद्रमथनम् इत्यस्य किञ्चन दृश्यम्

### गीर्वाणविजयम्

नान्देरनन्तरं सूत्रधारः पारिपार्श्विकश्च प्रस्तावनां विधाय गच्छतः। तदनु पितामहः ऋषयश्च प्रविशन्ति। अथ ते भुवः दुरवस्थां ब्रह्मणे बोधयन्ति। मध्ये भरती गैर्वाण्याङ्गलीभ्यां सह प्रविशति। पितामहः गैर्वाण्याङ्गल्योः नृत्यं पश्यति। तत्र नृत्ये गैर्वाण्याङ्गली पराजिता। एतेन मिथः कलहः सञ्जायते। एतयोः कलहे सामञ्जस्यं विधातुं प्रयत्नः सञ्जायते। दुर्वासाः प्रविश्य ब्रह्मसदसि पुलिन्दकन्यां आङ्गलीं दृष्ट्वा कोपाविष्टः शापं वितरितुमुत्सहते। तदा पितामहः इयमाङ्गली गैर्वाण्याः भगिनीति दुर्वाससे बोधयति। तत्रैव सर्वे मिलित्वा गैर्वाण्याङ्गलयोः कलहं विनाश्य सौहार्दं स्थापयन्ति। तत्रमुख्यं निमित्तं गैर्वाण्येव। गरुडः प्रविश्युच्चैर्वदति यत् विजयस्व गैर्वाणी विजयस्व इति। भारती गैर्वाण्याः विजये बीजं पृच्छति। गरुडो वक्ति यत् गैर्वाण्याः विजयकारणं केरलराज्यस्यधुनातनराजः श्रीमूलंतिरुनाळ् इति। अपि च गरुडो वक्ति यत् गैर्वाण्याः मातृष्वस्रामहालक्ष्म्या प्रेरितेन पद्मनाभदेवेना-हमाज्ञप्तः यत् गैरेवाण्याः वासेउचिता व्यवस्था कृतेति च सूचयितुम्। एतच्छ्रुत्वा पितामहो वदति यत् पद्मनाभदासः खलु स महाराज इति। तन्मध्ये गैर्वाण्याः वासुदेवाज्जातः शिशुः नाम्ना चिन्तामणिः मूर्छां प्राप्त इत्यधिगत्यगैर्वाण्यपि मूर्छां प्राप्नोति। परमसौगैर्वाणी जानाति यत् भगवतः नीलकण्ठस्य दृष्ट्या पुत्रः प्राप्तप्राणः नारदेनानीयत इति। सर्वे आनन्दमनुभवन्ति, गैर्वाणीस्तुत्या भरतवाक्येन च नाटकस्य समाप्तिः।

# केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
## गुरुवायूर परिसर, गुरुवायूर (केरल)



सप्तदश संस्कृत नाट्य महोत्सव में मञ्चित समुद्र मथन रूपक का एक दृश्य

## गीर्वाणविजय

नान्दी के बाद सूत्रधार और पारिपार्शिक प्रस्तावना प्रस्तुत करके जाते हैं। इसके बाद पितामह और ऋषियों का प्रवेश होता है। इसके बाद वे भू-लोक की दुरावस्था के विषय में ब्रह्मा को बोध कराते हैं। मध्य में भारती गैर्वाणी और आंग्ली के साथ प्रवेश करती है। पितामह गैर्वाणी और आंग्ली का नृत्य देखता है। इस नृत्य में गैर्वाणी द्वारा आंग्ली की पराजय होती है। इससे दोनों में परस्पर कलह हो जाता है। इनके कलह में सामञ्जस्य करने का प्रयास होता है। इसके बाद दुर्वासा प्रवेश करके ब्रह्मसद् पुलिन्दकन्या आंग्ल को देखकर कोप पूर्वक श्राप देने के लिए आतुर होते हैं। तब पितामह यह आंग्ली गीर्वाणी की बहन है ऐसा दुर्वासा को बताता है। वहीं सभी मिलकर गैर्वाणी और आंग्ल के कलह का नाश करके सौहार्द की स्थापना करते हैं। यहाँ मुख्य निमित्त गैर्वाणी का ही होती है। इसके बाद गरुण प्रवेश करके उच्च स्वर से बोलता है- गैर्वाणी की जय हो। भारती गैर्वाणी के विजय का बीज (कारण) पूछती है। गरुण कहता है- गैर्वीणी के विजय का कारण केरल राज्य के अभी के राजा श्रीमूलम् तिरुनाळ है, और गरुण बताता है कि गैर्वाणी की माता के ससुर (मातृष्वस्रा) महालक्ष्मी के द्वारा प्रेरित पद्मनाभदेव ने मुझे आज्ञा दी है कि गैर्वाणी के वास हेतु उचित व्यवस्था की है ऐसी सूचना देता है। यह सुनकर पितामह कहता है कि वह महाराज पद्मनाभदास है न। इसके बीच में गैर्वाणी के वासुदेव से जन्मा शिशु नामक चिन्तामणि मूर्छित हो गया ऐसा जानकर गैर्वाणी भी मूर्छित हो जाती है। लेकिन गैर्वाणी जानती है कि भगवान नीलकण्ठ की दृष्टि से पुत्र के प्राण वापस नारद के द्वारा लाए गए हैं। सभी आनन्द का अनुभव करते हैं, भरत वाक्य से नाटक की समाप्ति होती है।

# केन्द्रीयसंस्कृतविश्वविद्यालयः
## श्रीसदाशिवपरिसरः, पुरी (उत्कलप्रदेशः)



सप्तदशसंस्कृतनाट्यमहोत्सवे मञ्चितस्य भीष्मायणम् इत्यस्य किञ्चन दृश्यम्

## अशोक-विजयम्

आचार्य-रामजी-उपाध्यायेन अशोकस्य शिलालेखम् इतिहासतथ्यं च आधारीकृत्य विरचितम् अशोकविजयं नाटकम्। अत्र सम्राजः अशोकस्य दिग्विजयगाथासहितं मार्मिकम् अंहिसास्वरूपं चित्रितम्। मगधदेशे मौर्यवंशे महारथः सम्राट् अशोकः जनिम् अलभत। तस्य विजयश्रीः सर्वत्र जयमालां धृत्वा शत्रुसम्राजे विचरति स्म। यतो हि अपराजेयः साहसिकः कलिङ्गराजः। कलिङ्ग-संग्रामे लक्ष्याधिकानां नराणां संहारः संजातः। कलिङ्गं विजित्य अशोकः राजराजेश्वरम् उपाधिम् प्राप्तवान्। तत्र कलिङ्गयुद्धे महाराज-अशोकस्य सेनाध्यक्षः आसीत् सुधन्वा। तस्य रणकौशलेन परास्ताः खलु दुर्जेयाः कलिङ्गाः। मागधस्य विजयोत्सव-समये छलेन शत्रुपक्षस्य कलिङ्गस्य जलसेनाध्यक्षेण अशोकस्य सेनापतिः सुधन्वा मारितः।

तत्र च कलिङ्ग-विजयेन उत्साहितः राजराजेश्वरः अशोकः विश्वविजयस्य घोषणां करोति। कलिङ्गविजयिनां सैनिकानां मनोबलवर्धनाय पारितोषिकाणि यथातृप्ति वितरितानि। तथा च पाटलिपुत्रम् आगत्य सेनाध्यक्षस्य सुधन्वनः परिवार-जनाय विपुलः रत्नराशिः प्रेषितः। परं तस्य परिवारेण तत् प्रत्याख्यातम्। पुत्रशोकेन शोकाकुलः सुधन्वनः पिता सुधर्मा सपरिवारम् आत्मदाहं कर्तुं कृतनिश्चयः। एतद् आकर्ण्य राजराजेश्वरः चण्डाशोकः तत्र उपस्थितः। आत्मदाहात् तं पितरं सुधर्माणं निवारितवान्।

ततः निःशस्त्रेण कथं साम्राज्यशासनं करणीयम् इति विचिन्त्य राजा अशोकः कुलगुरुं पथप्रदर्शकं महर्षिं सर्वज्ञम् उपसरति। महर्षिः सर्वज्ञः तं राजाधिराजं न शस्त्रेण, अपितु चारुहासेन विश्वविजयम् प्राप्तुम् उपदिशति। निःशस्त्र-विजय-क्षमता तपसा एव सुलभा इति आदिशति। अथ हिमालये तपोबलेन अशोकः ईशित्वं वशित्वं च विभूतिद्वयं लभते। न केवलं मानवस्य अपितु प्राणिमात्रस्य सेवां करिष्यामि, कायेन वाचा मनसा च लोकहितं करिष्यामि इति देवगणस्य सम्मुखे अशोकः प्रतिज्ञां करोति। तेन च देवप्रसादेन अशोकः प्रियदर्शी कथितः।

# केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
## श्री सदाशिव परिसर, पुरी (ओडिशा)



सप्तदश संस्कृत नाट्य महोत्सव में मञ्चित भीष्मायण रूपक का एक दृश्य

## अशोक विजय

अशोक-विजयम् नाटक आचार्य रामजी उपाध्याय ने अशोक के शिलालेखों एवं ऐतिहासिक तथ्यों के आधार पर लिखा है। इस में सम्राट् अशोक की दिग्विजयी गाथा के साथ मार्मिक अहिंसा-स्वरूप का चित्रण किया गया है। मगध देश में मौर्यवंश के महारथी सम्राट् अशोक का प्रादुर्भाव हुआ। उस की विजयश्री चारों ओर जयमाला धारण कर शत्रु-साम्राज्य में विचरण कर रही थी। कलिंग की लड़ाई में लाखों संख्याओं में नर-संहार हुआ। कलिंग पर विजय प्राप्त कर अशोक ने राजराजेश्वर की उपाधि प्राप्त की। इस युद्ध में महाराज अशोक के सेनाध्यक्ष सुधन्वा थे। उन के ही रणकौशल से दुर्जेय कलिंग परास्त हुआ था। मगध में विजयोत्सव के समय छल से शत्रुपक्ष कलिंग के जलसेनाध्यक्ष ने अशोक के सेनापति सुधन्वा को मार डाला।

कलिंग-विजय से उत्साहित राजराजेश्वर अशोक ने अपनी भावी विश्वविजय की योजना की घोषणा कर दी। अपने सैनिकों का मनोबल बढ़ाने के लिए उन्हें यथेच्छ पारितोषिक प्रदान किया। पाटलिपुत्र लौट आने पर उसने सुधन्वा-परिवार के लिए विपुल धनराशि भेजी, जिसे सुधन्वा-परिवार ने अस्वीकार किया। पुत्रशोक से शोकाकुल सुधन्वा के पिता सुधर्मा ने परिवार के साथ आत्मदाह करने का निश्चय किया। नि:शस्त्र होकर साम्राज्य शासन कैसे करें, इस समस्या का समाधान के लिए अशोक अपने पूर्वजों के पथ-प्रदर्शक महर्षि सर्वज्ञ से मिला। सर्वज्ञ ने उसे शस्त्र से नहीं, मैत्रीभाव से विश्व की विजय प्राप्त करने का उपदेश दिया। नि:शस्त्र विजय की क्षमता तपस्या से ही सुलभ होगी। अशोक सर्वज्ञ के आदेशानुसार हिमालय पर तप करने चला गया। हिमालय पर अशोक को अपनी तपस्या से ईशित्व वशित्व नामक दो शक्तियाँ प्राप्त हुईं। उस ने वहाँ देवताओं के सामने प्रतिज्ञा की कि, मैं मानव ही नहीं, प्राणिमात्र की भी सेवा करते हुए लोकहित के लिए मनसा वाया और कर्मणा प्रयासरत रहूंगा। देवताओं का प्रसाद-पात्र होने के कारण अशोक प्रियदर्शी कहलाया।

## केन्द्रीयसंस्कृतविश्वविद्यालयः

## एकलव्यपरिसरः, अगरतला ( त्रिपुरा )



सप्तदशसंस्कृतनाट्यमहोत्सवे मञ्चितस्य नृपः महिषी च इत्यस्य किञ्चन दृश्यम्

### अमरमङ्गलम् ( 1-4 अङ्काः )

नानादर्शनपरमाचार्य-सर्वतन्त्रस्वतन्त्रकाशीसंस्थित-पञ्चाननतर्करत्नभट्टाचार्यविरचितम् अमर-मङ्गलम् इति अष्टौ अङ्कात्मकं वीररसपरिप्लुतं नाटकं वर्तते।

सूत्रधारविदूषकयोः संवादेन प्रस्तावनामारभ्य अमरसिंहस्य प्रवेशेन नाटकारम्भः। मानसिंहेन प्रयुक्तः दुर्जनसिंह इत्यभिधानः प्रणिधिः भालापतेः प्रणनष्टपुत्रतया ख्यापितात्मा समरसिंहनाम्ना कपटेन अमरसिंहेन मित्रत्वमाप। वस्तुतः चितोरभूमिः जवनदस्युहस्तङ्गतेति खेदमनुभवति राजा अमरसिंहः। चितोरभूमेरुद्धारप्रतिज्ञा अद्य यावत् नैव फलीभूतेति खिन्नमनस्कः सः महाराजामरसिंहः। सदा पितृनिदेशपालकोऽस्ति राजा अमरसिंहः। तस्येदंपितृनिदेशनियमव्यसनम् अपनेतुं वाराङ्गनायाः साहाय्यं स्वीक्रियते शत्रुणा मानसिंहेन। सा च वाराङ्गना राठोरकुलप्रसूतराजसिंहस्य दुहितारूपेण आत्मानं प्रख्यापयन्ती स्वयं वरार्थिनी वीरानाम्नी क्षत्रियकुमारी इति तथा च तद्दासीत्वेन तन्माता योजनानुसारं राजभवनं प्रति आगच्छतः। अतः अपसर्पणाभिधः प्रथमाङ्कः।

तदनन्तरं विषकम्भकादवगम्यते यत् चितोराक्रमणे मेवारपतिना सह सङ्ग्रामाय योजनानुसारं चर्चां विधातुं मानसिंहः दिल्लीश्वरं गमिष्यतीति। तदनु कुलरीतिमनुसृत्य राजा अमरसिंहोऽपि सामन्तैः सह युद्धविषयिकीं चर्चां करोति इत्यतः मन्त्रणाभिधो द्वितीयाङ्कः।

तृतीयाङ्कात् प्राक् एकलिङ्गनाथदेवालयस्य प्रधानपुरोहितस्य शिष्यौ नारायणपरायणौ 'चितोरजय-प्राप्तुकामा राजा अमरसिंहः कृत्रिमं व्यसनी संवृत्त' इति संसूचयतः विषकम्भकमाध्यमेन। एवं नीतिनिपुणं मानसिंहमुद्वेजयितुं अमरसिंहस्य योजनेति ततः ज्ञायते। तदनु पुरोहितः प्रदत्तकार्यं विदधातीतिमानसिंहोद्वेजननामाभिधानः तृतीयाङ्कोऽस्ति।

ततश्च समरयात्रोद्योगाभिधे चतुर्थाङ्के जवनसमरयात्राप्रवर्तनमुपनिबद्धम्। चारणगीतैः सैनिकानां सामन्तानाञ्च महोत्साहवर्धनेन चतुर्थोऽङ्कः समाप्तिं याति।

# केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
## एकलव्य परिसर, अगरतला ( त्रिपुरा )



सप्तदश संस्कृत नाट्य महोत्सव में मञ्चित नृप और महिषी रूपक का एक दृश्य

### अमरमंगल ( 1-4 अंक )

अमरमङ्गलम् इस नाटक के रचयिता नानादर्शनपरमाचार्य सर्वतन्त्रस्वतन्त्र काशीस्थित पंचाननतर्करत्न भट्टाचार्य हैं। नाटक का प्रारंभ नान्दी से होता हैं। सूत्रधार तथा विदूषक का परस्परसंवाद राजा अमरसिंह का प्रवेश सूचीत करता हैं। राजा अमरसिंह का शत्रु मानसिंह अपना गुप्तचर दुर्जनसिंह को राजभवन में भेजता हैं। जो की समरसिंह नाम से महाराज अमरसिंह का विश्वास संपादन कर घनिष्ठ मित्र बन जाता हैं। म्लेच्छाधीन चितोरनगर पर अधिकार न होने से राजा अमरसिंह खिन्न हैं। चित्तौड़ पर विजय प्राप्त करने के लिए प्रयासरत महाराज अमरसिंह को वारांगना की सहायता से दुर्बल करने की योजना शत्रु मानसिंह बनाता हैं। उस योजना के अनुसार वीरदत्ता नाम की वारांगना, राजा में अनुरक्त राजकन्या के रूप में राजभवन में प्रवेश करती हैं। उसकी माता दासी रूप मे उसके साथ होती हैं।

द्वितीय अंक के पूर्व विषकम्भक की योजना से ज्ञात होता है कि, शत्रु मानसिंह चित्तौड़ नगराक्रमण के लिए प्रयासरत मेवाड़पति अमरसिंह के साथ युद्ध करने की चर्चाहेतु दिल्लीश्वर के पास जाता है। उसके पश्चात् मेवाड़पति अमरसिंह भी कुलपरम्परा के अनुसार सामंत राजा और सेनापति के साथ युद्धविषयक परामर्श करता हैं। अतः नाटककार ने द्वितीय अंक का नामकरण मन्त्रणा किया हैं।

तृतीय अंक मे राजा अमरसिंह भी शत्रु पर विजयप्राप्त हेतु योजना बनाता हैं, जिसमें एकलिंगनाथ देवालय के प्रधान पुरोहित का भी समावेश हैं। मानसिंह का क्षोभवर्धन का दायित्व प्रधानपुरोहित तीसरे अंक में निभाता हैं।

चतुर्थ अंक में यवनयुद्ध के लिए सामन्तो के साथ साथ सेनापतियों का उत्साहवर्धन विषय प्रस्तुत हैं। इसलिए समरयात्रोद्योग नामक चौथा अंक हैं।

## केन्द्रीयसंस्कृतविश्वविद्यालयः
## श्रीरघुनाथकीर्तिपरिसरः, देवप्रयागः (उत्तराखण्डः)



सप्तदशसंस्कृतनाट्यमहोत्सवे मञ्चितस्य अनारकली इत्यस्य किञ्चन दृश्यम्

### अमरमङ्गलम् (5-8 अङ्काः)

पञ्चाननतर्करत्नभट्टाचार्यविरचितम् अमरमङ्गलनामकं नाटकं मेवाडगतायाः चित्तोडभूमेः ऐतिह्यवृत्ताधारितं वर्तते। तत्रादौ भग्नजनुर्भणसिंहः प्रविशति। ततः नेपथ्ये बृहन्नलिकास्त्राणां ध्वनिः श्रूयते। तदा राजा अमरसिंहः अश्वारूढः प्रविश्य स्वयमूं सम्बोध्य युद्धरतः निर्गच्छति। भणसिंहः महाराजप्रतापसिंहस्य रणकौशलस्य चर्चां करोति। पुनः नेपथ्ये कलकलनिनादः श्रूयते। शालुम्ब्रापतिः प्रविश्य भणसिंहेन सह युद्धस्य चर्चां कृत्वा मेवाडभूमिविषये चिन्तां प्रकटयति। शालुम्ब्रापतिः साश्चर्यं चित्तोडस्य अधिष्ठातृदेव्याः भगवत्याः गौर्याः अविर्भावस्य कथां वदति। विलोक्य भणसिंह देवताप्रसादस्य महिमां शालुम्ब्रापतिं सूचयति। उभौ निष्क्रान्तौ। ततः प्रविशति सैनिकवेशया सुबलया अनुगभ्यमानो राजा। एवञ्च एतौ द्वौ परस्परं युद्धवार्तालापं विधाय निर्गच्छतः। राजा देवीं रणोत्सवविषये वदति, अश्रूपूर्णा सा खेदं प्रकटयति। राजा चित्तेडतोरणविषये चिन्तयित्वा दुःखानुभवं प्रकाशयति। देवी राजानं प्रति चित्तोडतोरणात् प्राक् रणोत्साहविषये वदति, राजा श्रुत्वा अनल्पसैन्यबलस्य सूचनां यच्छति। तदनन्तरं पुरोधसः शैलदेवस्य आगमनं भवति। भणसिंहः ब्रवीति बलसमुद्योजनाय आदिष्टोऽस्मि देवेन। तदनु बान्दाठक्कुरः भणसिंहश्च कोपाविष्टौ खड्गं उद्यच्छतः। पुरोधा तयोः कोपं शामयति। सिद्ध-तापसी चागच्छति। सिद्धतापसी चित्तोडभूमेः महिमगीतं गायति। सुबला गानं श्रुत्वा प्रशंसति। शिवसेनः राजा चेति द्वापि चित्तेडपुरयात्रां मार्गे चर्चयतः। शिवसेनः चित्तोडपुरस्य रम्यशोभां वर्णयति। राजा चित्तोडेश्वरीं प्रणमति। एतदन्तरं सागरसिंहः प्रविशति। सागरसिंहस्य अमात्यस्य चपरस्परं कथोपकथनं भवति। अमात्यवचनेन अवसादग्रस्तः नृपः भ्रूभङ्ग्या कोपं प्रकटयति। सागरसिंहमुद्दिश्य गर्वोक्तिं वदति। सागरसिंहोऽपि वृत्तान्तं संस्मृत्य गर्वोक्तिं प्रकाशयति। तदनु भीमाशैलयोः संवादः भवति। चित्तोडविजयं कृत्वा राजा देवीं प्रणमति ततश्च भरतवाक्येन नाट्यं पर्यवस्यति।

# केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
## श्री रघुनाथ कीर्ति परिसर, देवप्रयाग (उत्तराखण्ड)



सप्तदश संस्कृत नाट्य महोत्सव में मञ्चित अनारकली रूपक का एक दृश्य

## अमरमंगल (5-8 अंक)

पञ्चाननतर्करत्नभट्टाचार्यविरचित अमरमङ्गलम् नामक नाटक मेवाड़ क्षेत्र के चित्तोड़ विजय की घटना पर आश्रित है। भग्नजानु भणसिंह प्रवेश कर दु:ख प्रकट करता है। इतने में ही नेपथ्ये से नालिकास्त्रों की ध्वनि सुनाई देती है। तत्पश्चात् अश्वारूढ़ राजा आकर परस्पर युद्ध करते हुए निकल जाते है। भणसिंह के रणकौशल की चर्चा करता है, इसके बाद नेपथ्य से कलकल ध्वनि को सुनकर भणसिंह कहता है कि शालुम्ब्रापति इधर ही आ रहे हैं। शालुम्ब्रापति प्रवेश करके भणसिंह से युद्ध के बारे में चर्चा करते हुए मेवाड़भूमि के विषय में चिन्ता प्रकट करते हैं। साश्चर्य शालुम्ब्रा मेवाड़ की अधिष्ठातृदेवी भगवतगौरी के आविर्भाव की बात कहता है। तत्पश्चात् देवी मेवाड़भूदेवता के अवतरणसमय को जानकर थोड़ी देर बैठती है। इसके बाद सुबला और सैन्यबल सहित राजा प्रवेश कर परस्परवार्तालाप करते हुए निकल जाते हैं। राजा देवी को रणोत्सव की बात कहता है, देवी अश्रूपूर्ण हो दु:ख प्रकट करती है। राजा चित्तोड़तोरण के लिये चिन्ता करते हुए दु:ख अनुभव अभिव्यक्त करता है और देवी राजा के चित्तोड़ आक्रमण पर पहले उत्साह की बात बोलती है। राजा सुनकर अनल्पबल का हवाला देता है। इसके बाद पुरोधा शैलदेव का आगमन होता है। तदनन्तर भणसिंह बलयोजना के लिये आदेशित होने की बात कहता है और वह अपने कार्य में लग जाता है। पश्चात् बान्दाठक्कुर ओर भणसिंह आवेश दिखलाते हैं, बान्दा खड्ग निकालता है और पुरोधा आवेश को शान्त करते हैं। इसके बाद सिद्धतापसी और सुबला आती हैं, सिद्धा चित्तोड़भूमि की महिमा गान करती है। राजा और शिवसेन चित्तोड़पुर जाते हुए चर्चा करते हैं। वे चित्तोड़ पहुँच कर रम्यपावन नगर की शोभा को बतलाते हैं। राजा चित्तोडेश्वरी को प्रणाम करता है। इसके बाद सागरसिंह का प्रवेश होता है। सागरसिंह और आमत्य का कथोपकथन होता है। राजा अमात्यवचन से दु:खी होकर भ्रूभङ्गी से नाराजगी प्रकट करता है। तत्पश्चात् शालुम्ब्रापति सागरसिंह को उद्देशित कर गर्वोक्ति बोलते हैं, सागरसिंह भी स्मरण करते हुए गर्वोक्ति प्रकट करता है। भीम-शैल का संवाद होता है और बाद में राजा एवं रानी चित्तोड़विजय के बाद चित्तोड़ेश्वरी को प्रणाम करते हैं और भरतवाक्य के साथ नाटक की समाप्ति होती है।

# केन्द्रीयसंस्कृतविश्वविद्यालयः

## जयपुरपरिसरः, जयपुरम् (राजस्थानम्)



सप्तदशसंस्कृतनाट्यमहोत्सवे मञ्चितस्य पञ्चरात्रम् इत्यस्य किञ्चन दृश्यम्

## भारतविवेकम्

भारतविवेकं डक्टरश्रीयतीन्द्रविमलचतुर्धुरीण-विरचितं स्वामिविवेकानन्दचरिताश्रयं द्वादश-दृश्यात्मकं नाटकं वर्तते। प्रस्तावनानन्तरं स्वामी रामकृष्णः प्रविशति। असौ मातरं कालीं पृच्छति। ततः सुरेन्द्रनाथो गानकुशलेन पठितपाश्चात्यपौरस्त्यदर्शनेन तर्कशीलेन नरेन्द्रेण सह प्रविशति। रामकृष्णो नरेन्द्रं विलोक्य भृशमानन्दति, गाननिपुणं नरेन्द्रं गातुं प्रेरयति च। नरेन्द्रस्य भगवतीपरं गानं निशम्यानन्दे निमग्नो रामकृष्णो मातरं निवेदयति। रामकृष्णो नरेन्द्रं नारायणं शिवं च मनुते। नरेन्द्र उपरामकृष्णं पुनः पुनरेति, आदिष्टः सन् गीतानि गायति, रामकृष्णः समाधौ लीयते, लोकोत्तरं किमपि वदति च। नरेन्द्रो रामकृष्णविषये बहु संदिग्धे, क्रमेण तस्य संदेहो नश्यति च। यदा रामकृष्णः तस्य शिरसि स्वहस्तं निदधाति, पुनः तस्य पृष्ठे हस्तं चालयति च, तदा नरेन्द्रो लोकोत्तरामवस्थामनुभवति। यदा रामकृष्णो रोगेण ग्रस्तो भवति तदा सारदामणेः समक्षं नरेन्द्रं कथयति- नरेन्द्र! अहमात्मानं त्वयि स्थापयामि, त्वं मां यत्र नेष्यसि तत्रैव यास्यामि। ततो रामकृष्णे महासमाधौ लीने सति नरेन्द्रः सारदामणेराशिषं गृहीत्वा संन्यासं स्वीकृत्य च स्वगुरोः सिद्धान्तं प्रसारयितुं निश्चिनोति, समग्रं भारतं भ्रमति च। अथाऽसौ परिव्राजको नरेन्द्र आलोपार-महाराज-देवानजी-रामचन्द्रस्य भवने मूर्तिपूजासिद्धान्तं स्वप्रत्युत्पन्नया मत्या स्थापयति। अन्धकाराच्छन्ने कारागारे वधार्थं गृहीतो भगवत्याः कृपया प्रविष्टेन केनचन बालकेन राज्ञा मोचितो भवति, कन्याकुमार्यां कञ्चन बुभुक्षितं धीवरबालकं पश्यति, दर्शनशास्त्रमात्रमुद्गिरतः परार्थविमुखान् संन्यासिनो निन्दति, स्वप्ने विलोकिताद् रामकृष्णाद् भारतमुद्धर्तुं विदेशगमनस्यादेशं लभते, सारदामणेरनुमतिं प्राप्य भारतीयां दीनतामपाकर्तुं पाश्चात्यदेशेभ्यः सहायतां भिक्षितुं विदेशगमनं संकल्पयति च। खेतडीमहाराजस्तं विविदिषानन्दादीनि नामानि विहाय विवेकानन्देति नाम स्वीकर्तुं प्रार्थयते च। ततो विवेकानन्देति नाम्ना विभूषितः स संन्यासी नरेन्द्रः शिकागो-यात्रां प्रारभते। अथ भरतवाक्येन नाटकं पूर्णं भवति।

# केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
## जयपुर परिसर, जयपुर (राजस्थान)



सप्तदश संस्कृत नाट्य महोत्सव में मञ्चित पञ्चरात्र रूपक का एक दृश्य

## भारतविवेक

डाक्टर श्रीयतीन्द्रविमलचतुर्धुरीण के द्वारा रचित तथा स्वामी विवेकानन्द के चरित पर आश्रित भारतविवेक नाटक के बारह दृश्य हैं। प्रस्तावना के बाद स्वामी रामकृष्ण प्रवेश करते हैं और माता काली से पूछते हैं। इसके बाद कुशल गायक तथा प्राच्य एवं पाश्चात्य दर्शनों में प्रवीण नरेन्द्र के साथ सुरेन्द्रनाथ प्रवेश करते हैं। रामकृष्ण नरेन्द्र को देखकर प्रमुदित होते हैं और नरेन्द्र को गाने के लिए प्रेरित करते हैं। नरेन्द्र के भगवती से संबद्ध गीत को सुनकर आनन्द में निमग्न रामकृष्ण माता से निवेदन करते हैं। रामकृष्ण नरेन्द्र को नारायण और शिव मानते हैं। नरेन्द्र रामकृष्ण के पास वार-वार जाते हैं और उनसे आदेश पाकर गीत गाते हैं तथा रामकृष्ण समाधि में लीन होते हुए कुछ लोकोत्तर कहते हैं। इसके बाद रामकृष्ण के विषय में नरेन्द्र को संशय होता है, जो कालान्तर में स्वयं नष्ट हो जाता है। जब रामकृष्ण नरेन्द्र के सिर पर हाथ रखते हैं और पीठ पर हाथ फेरते हैं, तब नरेन्द्र लोकोत्तर अवस्था का अनुभव करते हैं। जब रामकृष्ण रोग से ग्रस्त होते हैं तब सारदामणि के सम्मुख नरेन्द्र से कहते हैं- नरेन्द्र!, मैं अपने को तुम में स्थापित कर रहा हूँ, तुम मुझे जहाँ ले जाओगे वहीं मैं जाऊँगा। रामकृष्ण के परम समाधि में लीन हो जाने पर नरेन्द्र सारदामणि से आशीर्वाद प्राप्त कर अपने गुरु के सिद्धान्त के प्रसार के लिए समग्र भारत में भ्रमण करते हैं। वे कन्याकुमारी जाते हैं तथा समुद्र के किनारे किसी भूखे धीवर बालक को देखते है, दर्शनशास्त्र को रट कर केवल उपदेश करने वाले साधु-संन्यासियों की निन्दा करते हैं, स्वप्न में प्रकट हुए रामकृष्ण से भारत के उद्धार के लिए विदेश जाने का आदेश पाते हैं, सारदामणि से आज्ञा ले कर भारतीय दीनता को दूर करने के लिए पाश्चात्य देशों से सहायता की भिक्षा के लिए विदेश जाने का संकल्प करते हैं। खेतडी-महाराज उनको विविदिषानन्द आदि नामों को छोड़कर विवेकानन्द नाम को स्वीकार करने के लिए प्रार्थना करते हैं। तदुपरान्त विवेकानन्द नाम से विभूषित वे संन्यासी स्वामी विवेकानन्द शिकागो की यात्रा करते हैं। इसके बाद नाटक भरतवाक्य के साथ पूरा होता है।

## केन्द्रीयसंस्कृतविश्वविद्यालयः
## क. जे. सोमैयापरिसरः, मुम्बई ( महाराष्ट्रम् )



सप्तदशसंस्कृतनाट्यमहोत्सवे मञ्चितस्य उन्मत्तकीचकम् इत्यस्य किञ्चन दृश्यम्

# शिवराज्याभिषेकम्

'शिवराज्याभिषेकम्' प्रज्ञाभारती डॉ. श्रीधरभास्करवर्णेकरविरचितं वीराद्भुतरसमयं सप्ताङ्क-संवलितं नवीनं नाटकम्। नाटकेऽस्मिन् मराठावीरस्य च्छत्रपतेः शिवाजिमहाराजस्य रायगडदुर्गे अभिषेको वर्णितः। अत्र नाटके श्रीशिवाजिमहाराजः धीरोदात्तो नायकः। तस्यैवाभिषेकः बीजरूपेणात्र स्थिरीकृतः। अन्ते च शिववीरस्याभिषेकेण नाटकं सुखान्तं कृतं श्रीवर्णेकरमहाभागेन।

सप्तदशशतकस्य मध्यभागे औरङ्गजेवस्य आक्रमणेन भारतवर्षस्य प्रायः सर्वोऽपि भूभागः आक्रान्तः जातः। मत्तेन तेन यवनेन धर्मो नाशितः, स्त्रीणामुपरि यवनानामत्याचारः वर्धितः। सर्वे हिन्दवः पलायन्ते स्म। तदा महाराष्ट्रे शिवनेरीति दुर्गे शाहजी भोंसले इति सेनानायकस्य गृहे जिजाम्बायाः कुक्षौ 19 फरवरी 1630 ईशवर्षे शिववीरः जन्म अलभत। जन्मन आरभ्य जिजाम्बा तस्य शिक्षिका आसीत्। रामायणमहाभारतीयवीरचरित्राणां वारम्वारं सा उपदेशं कृतवती। अतः बाल्यादेव शिवाजिमहाराजस्य युद्धे, हिन्दुधर्मसंरक्षणे, स्त्रीणां सम्माने च मतिर्दृढतराऽऽसीत्। सः सर्वप्रथमं रोहिदेश्वरदुर्गमजयत्। तदनु राजगड-पुरन्दरगड-कोंडनादुर्ग-सिंहगड-तोरणगड-जावलीगड-विजापुर-कोकण-रायगड-कोलाबा इत्यादीन् दुर्गान् अजयत्। हिन्दुस्वराजं चास्थापयत्। परन्तु तस्य राज्याभिषेको नाभूत्। केचन तस्य क्षत्रियत्वं विशङ्कमानाः राज्यशासनं न प्रमाणीकृतवन्तः। अतः सर्वदा जनहृदयासनसंनिविष्टोऽपि सन् हा हन्त। नाभिषिक्तोऽस्ति विधिवत् तीर्थवारिभिः। सूत्रधारस्योपस्थापनानन्तरं शिववीरस्य अभिषेकस्य सूचना गोपिकाभ्यां हीरकणिकारत्नमालिकाभ्यां दीयते। तदनु पूर्वशिवचरितमिति छायानाटकमाध्यमेन शिवाजिमहाराजस्य साहसिकत्वम्, वीरत्वम्, धैर्यम्, शीलम्, विनम्रता च प्रदर्श्यते। एतदवसरे शिववीरस्य अभिषेकं कर्तुं श्रीगागाभट्टः काशीतः विश्वनाथस्य अनुग्रह इव समागत्य परमानन्द-निश्चलपुरीभिस्सह मन्त्रयन् जिजाम्बायाः अनुमतिं च स्वीकृत्य समस्तमायोजनं करोति। सर्वे गुरवः समर्थरामसहिताः रायगडदुर्गे शिवाजिमहाराजस्य राज्याभिषेकं कुर्वन्ति। अन्ते च भरतवाक्येन नाटकं परिसमाप्यते।

# केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
## क.जे. सोमैया परिसर, मुम्बई (महाराष्ट्र)



सप्तदश संस्कृत नाट्य महोत्सव में मञ्चित उन्मत्त कीचक रूपक का एक दृश्य

## शिवराज्याभिषेक

'शिवराज्याभिषेकम्' प्रज्ञाभारती डा. श्रीधरभास्करवर्णेकर द्वारा विरचित वीराद्भुत-रसमय सप्ताङ्कसंवलित नवीन नाटक है। नाटक में मराठावीर छत्रपति शिवाजिमहाराज का रायगढ़ के दुर्ग में राज्याभिषेक का वर्णन है। इस नाटक में श्रीशिवाजिमहाराज धीरोदात्त नायक हैं। उनका ही अभिषेक बीज रूप में यहाँ निरूपित किया गया है। सप्तदशशतक के मध्यभाग में औरङ्ग्जेव के आक्रमण से भारतवर्ष का प्राय: समस्त भूभाग आक्रान्त था। उस मत्त यवन के द्वारा धर्म नष्ट कर दिया गया कर दिया गया। नारियों के ऊपर अत्याचार बढ़ा। सभी हिन्दू त्राहि-त्राहि करने लगे। तब महाराष्ट्र प्रान्त में शिवनेरी दुर्ग में शाहजी भोंसले नामक सेनानायक के गृह में जिजाम्बा के पुत्र के रूप में शिववीर का जन्म हुआ। जन्म से लेकर जिजाम्बा उनकी शिक्षिका रही। वह उन्हें रामायण और महाभारतीय वीर चरित्रों का वारम्वार उपदेश करती रहती थी। अत: बाल्यावस्था से ही शिवाजि महाराज का युद्ध में, हिन्दुधर्म के संरक्षण में, नारियों के सम्मान में दृढ आग्रह था। शिवाजी ने सर्वप्रथम रोहिदेश्वर दुर्ग को जीते। उस के उपरान्त राजगड-पुरन्दरगड-इत्यादि दुर्गों को जय किये और हिन्दुस्वराज का स्थापन किये। परन्तु उन का राज्याभिषेक नहीं हो पाया। कुछ लोग उनके क्षत्रियत्व पर शंका करते हुए उन के राज्यशासन को प्रमाणित नहीं किये। अत: सर्वदा जनहृदयासन में संनिविष्ट होने पर भी दु:ख की बात है कि वह विधिवत् तीर्थजल से अभिषिक्त नही हुए थे। सूत्रधार के उपस्थापन के अनन्तर शिववीर के अभिषेक की सूचना दोनों गोपिकाओं के द्वारा दी जाती है। तदुपरान्त पूर्वशिवचरित नामक छायानाटक के माध्यम से शिवाजिमहाराज के साहसिकत्व, वीरत्व, धैर्य, शील, विनम्रता का प्रदर्शन होता है। इस अवसर पर शिववीर के अभिषेक करने के लिए श्रीगागाभट्ट काशी से श्रीविश्वनाथजी के अनुग्रह के समान रायगड पहुञ्च कर परमानन्द, निश्चलपुरी आदियों के साथ मन्त्रणा कर के जिजाम्बा की अनुमति स्वीकार करते हुए अभिषेक के समस्त आयोजन करते हैं। समर्थरामदास के साथ सभी गुरु, गुरुजन ब्राह्मण तथा राजाओं के उपस्थिति में रायगड दुर्ग में शिवाजिमहाराज का राज्याभिषेक करते है। अन्त में भरतवाक्य से नाटक की परिसमाप्ति होती है।

## केन्द्रीयसंस्कृतविश्वविद्यालयः
## श्रीराजीवगान्धीपरिसरः, शृङ्गेरी (कर्णाटकम्)



सप्तदशसंस्कृतनाट्यमहोत्सवे मञ्चितस्य सैरन्ध्रीनाटकम् इत्यस्य किञ्चन दृश्यम्

## वीरपृथ्वीराजनाटकम्

भारतस्य उत्तरभूभागस्य विशालस्य सम्राट् पृथ्वीराजः प्रच्छन्नवेषो भूत्वा काकाकह्लादिभिः सह मृगयार्थं वनं गतः। अत्रान्तरे कुटिलमतेः भोन्दूसाहस्य सूचनां प्राप्य गोरीमहम्मदः पृथ्वीराजस्य राज्यं दिल्लीं प्रति अभियानम् अकरोत्। ततः प्रवृत्ते युद्धे काकाकह्लेन गोरीमहम्मदः बद्धः सन् राज्ञः सम्मुखे प्रस्तुतः। तदा पृथ्वीराजः तस्य यवनस्य सशपथमनभिगमनप्रतिज्ञां श्रुत्वा विश्वस्तः तन्मोचनाय अनुमनुते। एकदा अन्तःपुरे विद्यमानायां कर्णाटक्यां महिलायां कस्याञ्चित् मन्त्री कैमासः अनुरक्तः अनुचितं व्यवहरतीति राजा विज्ञाय तयोः सर्वथा निन्द्यं तत्कार्यमिति रात्रौ विद्युत्स्फुरणे तौ मन्त्रिकर्णाटक्यौ मारयति। तेन राज्ञः शब्दवेदिविद्या प्रकाशितो भवति।

जयचन्द्रस्य पुत्री संयोगिता पृथ्वीराजे अनुरक्ता राजान्तरं वरीतुं नेच्छति। पितुः जयचन्द्रस्य विरोधमपि सा न गणयति। तथापि राजा जयचन्द्रः पुत्र्याः संयोगितायाः स्वयंवरं व्यवस्थापयति यत्र पृथ्वीराजम् अपमानयितुं द्वारपालस्थाने तस्य लोहप्रतिमां स्थापयति। प्रवृत्ते स्वयंवरे संयोगिता समवेतान् अन्यान् राज्ञः अनदृत्य पृथ्वीराजस्य लोहप्रतिमायामेव स्वयंवरमालिकामर्पयति।

उदयपुराधिपतिः समरसिंहः पृथ्वीराजं सहकर्तुं समायाति। ततः पृथ्वीराजः इतरसामन्तानां च समक्षं परिषदि युद्धं निश्चिनोति। प्रवृत्ते युद्धे पृथ्वीराजस्य विजयः। किन्तु विजयप्राप्त्या नन्दिताः सामन्ताः वीरपाने प्रवर्तन्ते। तदा मदविह्वलान् सामन्तान् गोरीसैनिकाः आक्रम्य अर्द्धोत्थितान् अनुत्थितान् च तान् मारयन्ति। तदा सामन्तबलहीनं पृथ्वीराजं बद्ध्वा गोरीकारागारे निक्षिपन्ति।

ततः पृथ्वीराजस्य चक्षुषोः निष्कासनम्, चन्दवरदायिनस्तत्रागमनम्। गौरीमहम्मदसविधे चन्दवरदायिनः शब्दवेधिबाणप्रस्तावः, तत्प्रबन्धेन मन्त्रिणो विरोधेऽपि देवीप्रसादाद् गौरीमहम्मदस्य स्वीकृतिः। घटिकायाः बन्धनम्, पृथ्वीराजस्य घटिकाशब्दश्रवणतो वेधाय आगमनम्। गौरीमहम्मदेन, मारय इति शब्दोच्चारणे कृते भरतवाक्येन सह अपूर्वमिदं दुःखान्तनाटकं समाप्तिमेति।

# केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
## श्री राजीव गान्धी परिसर, शृङ्गेरी (कर्णाटक)



सप्तदश संस्कृत नाट्य महोत्सव में मञ्चित सैरन्ध्री नाटक रूपक का एक दृश्य

## वीर पृथ्वीराज नाटक

भारत के विशाल उत्तर भू-भाग के सम्राट पृथ्वीराज गुप्तवेष धारण करके अपने काकाकन्ह आदि सामंतों के साथ शिकार करने के लिए वन जाते हैं। इसी बीच कुटिलमति भोंदूशाह से सूचना प्राप्त करके मोहम्मद गौरी पृथ्वीराज के राज्य दिल्ली की ओर कूच करता है वहां मोहम्मद गौरी को काकाकन्ह के द्वारा बंदी बना लिया जाता है और पृथ्वीराज के सम्मुख प्रस्तुत किया जाता है। तभी पृथ्वीराज चौहान ने मोहम्मद गौरी की मनोभिलाषा को जाने बिना उसकी शपथ प्रतिज्ञा को सुनकर उसे मुक्त कर दिया। एकबार अन्त:पुर में किसी कर्नाटकी नामक महिला पर मंत्री कैमास अनुरक्त होता है। उस दुष्कार्य के बारे में जानकर राजा उस कार्य की बहुत निंदा करते हैं और दोनों को मार देते हैं। इससे ज्ञात होता है कि पृथ्वीराज चौहान शब्दभेदी विद्या में माहिर हैं। जयचंद की पुत्री संयोगिता पृथ्वीराज से बहुत प्रेम करती है इसलिए वह किसी अन्य व्यक्ति से विवाह नहीं करना चाहती है। पुत्री के न चाहने पर भी जयचंद स्वयंवर रचाने का फैसला करता है। यहाँ पृथ्वीराज को अपमानित करने के लिए उनकी लौहप्रतिमा बनाकर मुख्य द्वार में द्वारपाल के स्थान पर रख देते हैं, संयोगिता पृथ्वीराज की लौहप्रतिमा को ही जयमाला अर्पित करती है। इधर पृथ्वीराज उदयपुर के राजा समरसिंह के साथ मिलकर मोहम्मद गौरी के खिलाफ युद्ध करते हैं। इस युद्ध में पृथ्वीराज की विजय होती है इस विजय से आनंदित पृथ्वीराज के सैनिक मदमत्त हो जाते हैं, इतने में छल-कपट से गौरी के सैनिक पृथ्वीराज की सेना पर धावा बोल देते हैं, और पृथ्वीराज को बंदी बनाकर गौरी के कारागार में डाल देते हैं। इसके बाद मोहम्मद गौरी पृथ्वीराज की आंखें निकाल देता है, और चंदबरदाई का पृथ्वीराज के पास आगमन होता है, जो मोहम्मद गौरी के पास पृथ्वीराज के द्वारा तीरंदाजी दिखलाने के लिए प्रस्ताव रखते हैं। मंत्रियों के विरोध के बाद भी इस प्रस्ताव को मोहम्मद गौरी स्वीकार कर लेता है। फिर घंटानाद को सुनकर के पृथ्वीराज तीरंदाजी के लिए आकर पृथ्वीराज शब्दभेदी बाण का प्रयोग कर देते हैं। भरतवाक्य के साथ ही यह दु:खान्त नाटक समाप्त होता है।

## केन्द्रीयसंस्कृतविश्वविद्यालयः
## भोपालपरिसरः, भोपालम् (मध्यप्रदेशः)



सप्तदशसंस्कृतनाट्यमहोत्सवे मञ्चितस्य अभिशापम् इत्यस्य किञ्चन दृश्यम्

### भारतविजयम्

नान्द्यन्ते सूत्रधारो कविवरमथुराप्रसाददीक्षितरचितस्य "भारतविजयम्" इति नाटकस्य प्रस्तावनाम् उपस्थापयति। ततः सभास्थान् प्रेक्षकान् भारते आङ्ग्लाक्रामकाणां प्रवेशवृत्तान्तं श्रावयित्वा नाटकमारभ्यते। भारतमाता रामकृष्णौ मान्धातारञ्चाह्वयति, तदैवाकस्मादेको वैदेशिको मञ्चं प्रविशति। नेपथ्यस्याह्वानं श्रुत्वा भारतमाता तं वैदेशिकं भारतराजस्य पुत्र्या राजकुमार्या व्याधिं दूरीकर्तुमाज्ञापयति। भारतराजस्य सभायां वैदेशिकः प्राप्नोति तस्य पुत्रीञ्चोपचारेण स्वस्थां करोति। राजा उपहाररत्वेन तस्मै भारते व्यापारकरणाय अनुमति-पत्रं प्रददाति। ततः पश्यतामेव जनानां भरतस्य व्यापारिणां वृत्तयो विनश्यन्ति। शनैश्शनैर् आङ्ग्लानां प्रभावो वर्द्धितुमारभते। इत्थं व्यापारच्छलेन आंग्ला भारतं प्रविश्य निरीहान् भारतीयान् वञ्चयन्ति, पीडयन्ति प्रतारयन्ति च। भारतीयनागरिकाणां दुर्दशां वैदेशिक-व्यापार-वञ्चनाञ्च विलोक्य भारतमाता नितान्तं विषीदति। एवम् आङ्ग्लानां वञ्चनाताण्डवेन भारतीयवीराणां स्वराः स्वतन्त्रताप्राप्तये मुखरीभवन्ति। यत्र महात्मागान्धि-बालगङ्गाधरतिलक-सुभाषचन्द्रबोसादीनां नेतृत्वे भारतमातुर्वीरसुपुत्राः तीव्रमान्दोलनं कुर्वन्ति। निखिलभारते "वन्दे मातरम्" इत्यनुस्वानो जोघुष्यते। अन्ततो भारतमातुर्वीरपुत्राणां सत्प्रयासेन बलिदानेन च भारतमाता अङ्ग्लानां बन्धनान्मुच्यते। भरतवाक्येन सह नाटकस्य सुखान्ता समाप्तिर्भवति।

# केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
## भोपाल परिसर, भोपाल (मध्य प्रदेश)



सप्तदश संस्कृत नाट्य महोत्सव में मञ्चित अभिशाप रूपक का एक दृश्य

## भारतविजय

नान्दी के पश्चात् सूत्रधार कविवर मथुराप्रसाद दीक्षित के द्वारा रचित नाटक "भारतविजयम्" की प्रस्तावना उपस्थापित करता है। सभा के प्रेक्षकों को भारत पर अंग्रेजी आक्रान्ताओं की घुसपैठ का वृत्तान्त सुनाकर नाटक का आरम्भ होता है। भारतमाता राज-कृष्ण व मान्धाता को पुकारती है, तभी अचानक एक वैदेशिक का प्रवेश होता है। नेपथ्य की पुकार सुनकर भारतमाता उस विदेशी को भारतराज की पुत्री राजकुमारी की बीमारी दूर करने की आज्ञा देती है। भारतराज के दरबार में वैदेशिक पहुँचाता है और उसकी पुत्री को अपनी चिकित्सा से स्वस्थ कर देता है। राजा उपहार स्वरूप उसे भारत में व्यापाार करने के लिए अनुमतिपत्र प्रदान करता है। देखते ही देखते भारत के व्यापारियों का रोजगार छिनने लगता है। धीरे-धीरे अंग्रेजों के कदम भारत में बढ़ने लगते हैं। इस प्रकार व्यापार के बहाने से अंग्रेज भारत में प्रविश कर निरीह भारतीयों को वञ्चित व पीड़ित करते हैं। भारत के नागरिकों की दुर्दशा और विदेशी व्यापार की वञ्चना से भारतमाता चिंतित हो उठती है। इस प्रकार अंग्रेजी की वञ्चना के ताण्डव से वीर भारती सपूतों के स्वर स्वतन्त्रता प्राप्ति हेतु मुखरित होते हैं। जिसमें महात्मागान्धी, बालगंगाधर तिलक, सुभाष चन्द्र बोस आदि के नेतृत्व में भारतमाता के वीर सपूत तीव्र आन्दोलन करते हैं। समस्त भारत में "वन्देमातरम्" की अनूगूँज सुनाई देने लगती है। अन्त में भारतमाता के वीर पुत्रों के सत्प्रयास और बलिदान से भारतमाता अंग्रेजों के बंधन से मुक्त होती है। भरतवाक्य के साथ नाटक की सुखान्त समाप्ति होती है।

# सप्तदशनाट्यमहोत्सवस्य कानिचन चित्राणि


















# प्रदर्शनीयरूपकाणि

## २२.०३.२०२२ ( मङ्गलवासरः )

| | | |
|---|---|---|
| उद्घाटनसमारोहः | | प्रातः १०.३० तः १२.०० |
| पूर्वरङ्गम् | भोपालपरिसरच्छात्राः | पूर्वाह्ने १२.०० तः १.०० |
| स्वतन्त्र्यशौर्यम्- | श्रीरणवीरपरिसरः, जम्मू | अपराह्ने २.३० तः ३.३० |
| मीवारप्रतापम् ( १-३ अङ्काः ) | श्रीवेदव्यासपरिसरः, बलाहर | अपराह्ने ४.०० तः ५.०० |
| मीवारप्रतापम् ( ४-६ अङ्काः ) | लखनऊपरिसरः, लखनऊ | अपराह्ने ५.३० तः ६.३० |
| गीर्वाणविजयम् | गुरुवायूरपरिसरः, त्रिशूरः | सायम् ७.०० तः ८.०० |

## २३.०३.२०२२ ( बुधवासरः )

| | | |
|---|---|---|
| अशोकविजयम् | श्रीसदाशिवपरिसरः, पुरी | पूर्वाह्ने १०.०० तः ११.०० |
| अमरमङ्गलम् ( १-४ अङ्काः ) | एकलव्यपरिसरः, अगरतला | पूर्वाह्ने ११.३० तः १२.३० |
| अमरमङ्गलम् ( ५-८ अङ्काः ) | श्रीरघुनाथकीर्तिपरिसरः, देवप्रयागः | अपराह्ने २.३० तः ३.३० |
| भारतविवेकम् | जयपुरपरिसरः, जयपुरः | अपराह्ने ४.०० तः ५.०० |
| शिवराज्याभिषेकम् | क.जे. सोमैयापरिसरः, मुम्बई | अपराह्ने ५.३० तः ६.३० |
| प्रस्तुतिः-शिवसूत्रजालम् | (प्रो. एस्.आर्. लीला) | सायं ७:०० तः ८:०० |

## २४.०३.२०२२ ( गुरुवासरः )

| | | |
|---|---|---|
| वीरपृथ्वीराजनाटकम् | श्रीराजीवगान्धीपरिसरः, शृङ्गेरी | पूर्वाह्ने १०.०० तः ११.०० |
| भारतविजयम् | भोपालपरिसरः, भोपालम् | पूर्वाह्ने ११.३० तः १२.३० |

सम्पूर्तिसत्रम् - ३:४५ तः